दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 04
अंकः- 338
मुरादाबाद
03 April 2025
(Thursday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सरकार वक्फ विधेयक से किसी भी धार्मिक मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी, लोकसभा में रिजिजू का बयान

वक़्फ विधेयक पर लोकसभा में चर्चा के दौरान अल्पसंज़्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने साफ किया कि वक़्फ विधेयक किसी भी धर्म के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगा और यह सिर्फ संपज़ि के प्रबंधन का मामला है। वक़्फ संशोधन विधेयक आज लोकसभा में पेश किया गया। इस विधेयक को लेकर विपक्ष द्वारा सरकार की मंशा पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। इसे लेकर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में अपने संबोधन में साफ कर दिया कि वक़्फ विधेयक के जरिए सरकार किसी धर्म के मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक सिर्फ संपज़ि के प्रबंधन से जुड़ा है और इसका मंदिर या मस्जिद या किसी भी धार्मिक स्थल के प्रबंधन से कोई लेनादेना नहीं है। वक़्फ विधेयक सिर्फ संपज़ि प्रबंधन से जुड़ा लोकसभा में वक़्फ संशोधन विधेयक पेश करने के बाद चर्चा के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, वक़्फ विधेयक किसी भी धार्मिक व्यवस्था, किसी भी धार्मिक संस्था या किसी भी धार्मिक प्रथा में किसी भी तरह से हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। यह केवल संपज़ि प्रबंधन का मामला है। अगर कोई इस बुनियादी अंतर को समझने में विफल रहता है या जानबूझकर नहीं समझना चाहता है, तो मेरे पास इसका कोई समाधान नहीं है।वक़्फ संपज़ि निजी संपज़ि% केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि %दुनिया का सबसे बड़ी वक़्फ संपज़ि भारत में है। ऐसा कहा जाता है कि भारत में रेलवे और रक्षा क्षेत्र के बाद तीसरी सबसे ज्यादा जमीन वक़्फ बोर्ड के पास है, लेकिन रेलवे और रक्षा क्षेत्र की संपज़ि देश की संपज़ि है। रेलवे की संपज़ि का पूरे देश के लोग इस्तेमाल करते हैं और रक्षा क्षेत्र की जमीन का इस्तेमाल देश की सुरक्षा में होता है, जबकि वक़्फ बोर्ड की संपज़ि निजी संपज़ि है। वक़्फ बोर्ड के पास लाखों एकड़ जमीन और लाखों करोड़ की संपज़ि है तो देश के गरीब मुसलमानों के लिए इसका इस्तेमाल ज़्यों नहीं किया जा रहा है? अगर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह सरकार गरीब मुसलमानों की बेहतरी के लिए काम कर रही है, तो इसमें आपज़ि ज़्यों है?किरेन रिजिजू ने कहा, अब वक़्फ बोर्ड में शिया, सुन्नी, बोहरा, पिछड़े मुसलमान, महिलाएं और विशेषज्ञ गैरमुस्लिम भी होंगे। मैं अपना खुद का उदाहरण देता हूं। मान लीजिए मैं मुसलमान नहीं हूं लेकिन मैं अल्पसंज़्यक मामलों का मंत्री हूं। फिर मैं सेंट्रल वक़्फ काउंसिल का चेयरमैन बन जाता हूं। मेरे पद के बावजूद, काउंसिल में अधिकतम 4 गैरमुस्लिम सदस्य हो सकते हैं और उनमें से 2 महिला सदस्य अनिवार्य हैं।



## संक्षिप्त समाचार



### यूपी में पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द, अखिलेश बोले हमें मंजूर नहीं

वक़्फ संसोधन विधेयक लोकसभा में पेश कर दिया गया है। यूपी में सुरक्षा को देखते हुए पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। डीजीपी ने कहा कि आगामी आदेश तक सभी छुट्टियां रद्द रहेंगी। इससे पहले सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि जिसके लिए बिल लाया जा रहा, सरकार उसी की बात नहीं सुन रही है। यह हमें मंजूर नहीं है।लोकसभा में बुधवार को वक़्फ संसोधन विधेयक पेश किया गया। बिल को देखते हुए यूपी में पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। बरेली, अलीगढ़, रामपुर और मेरठ में सुरक्षा को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि आगामी आदेश तक छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। बिल पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि यह हमें मंजूर नहीं है। यूपी में बिल को लेकर रार छिड़ी है। कोई इसके समर्थन तो कोई इसे अस्वीकार करने की बात कह रहा है। भाजपा नेता मोहसिन रजा ने वक़्फ संसोधन बिल लाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पिछड़े और अतिपिछड़े मुसलमानों के लिए पीएम मोदी की ओर से सबसे बड़ी ईदी होगी। वक़्फ संशोधन विधेयक पर सपा अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी पार्टी इसका विरोध करेगी। जिसके लिए यह विधेयक लाया जा रहा है, उनकी ही बातों को सरकार महत्व नहीं दे रही है। इससे बड़ा अन्याय और ज़्या हो सकता है? सपा महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा कि यह बिल पूरी तरह से असंवैधानिक है। हम इसका विरोध करेंगे।

## आप 20–25 साल और अध्यक्ष रहेंगे...', अखिलेश की टिप्पणी पर अमित शाह ने ली चुटकी

लोकसभा में बुधवार को वक़्फ संशोधन विधेयक पेश किया गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे सदन के पटल पर रखा। इसके बाद कांग्रेस की ओर गौरव गोगोई, फिर और फिर अखिलेश यादव ने में वक़्फ संशोधन विधेयक दौरान समाजवादी पार्टी के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आरोपप्रत्यारोप दिखाई दिया। बोलते हुए अखिलेश ने भारतीय चुनाव में देरी को लेकर तंज जिक्र कर पलटवार करते हुए आप तो 25 साल तक अपनी कार्यकर्ताओं में से चुनना है, उन्होंने कहा कि ये दावा करते




भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद चर्चा में हिस्सा लिया।लोकसभा (उज़्मीद एज़्ट) पर चर्चा के अध्यक्ष अखिलेश यादव और बीच हंसीमजाक के अंदाज में दरअसल, वक़्फ बिल पर जनता पार्टी के नए अध्यक्ष के कसा। इस पर परिवारवाद का शाह ने अखिलेश से कहा कि पार्टी के अध्यक्ष बने रहेंगे, हमें इसलिए समय लग रहा है। हैं कि ये दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, पर ये इतने दिनों से अपना अध्यक्ष नहीं चुन पा रहे हैं। इस पर सदन हंसी ठहाकों से गूं उठा। इस बीच अमित शाह ने कहा कि अखिलश जी ने हंसते हुए यह बात कही है, इसलिए मैं भी हंसते हुए ही जवाब देना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि आपको तो परिवार के ही कुछ सदस्यों में से अध्यक्ष चुनना होता है, पर हमें अपने करोड़ों पंजीकृत सदस्यों में से लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्ष का चुनाव करना होता है। इसलिए हमें थोड़ा समय लगता है।आइए अब जाते हैं अखिलेश ने ज़्या कहा? वक़्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जो पार्टी खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहती है, वह अभी तक अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पाई है।अमित शाह ने दिया करारा जवाब इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने चुटकी लेते हुए कहा कि मेरे सामने जितनी भी पार्टियां हैं, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कुछ परिवार के लोग ही करेंगे। हमें 1213 करोड़ सदस्यों में से प्रक्रिया के बाद चुनना है। इसलिए इसमें समय लगता है। आपके मामले में तो ज्यादा समय नहीं लगेगा। मैं तो कह रहा हूं कि आप 25 साल तक अध्यक्ष बने रहेंगे।% अमित शाह की टिप्पणी पर अखिलेश यादव भी मुस्कुराते हुए नजर आए।

## वक्फ बिल नाकामी पर पर्दा है, अखिलेश यादव बोले- जिनके लिए ये बिल है उनकी बात नहीं सुनी जा रही



वक़्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि अभी तक यह पार्टी अभी तक अपने अध्यक्ष का चुनाव नहीं कर सकी है। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा के 1012 करोड़ पंजीकृत सदस्य हैं, इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव में थोड़ा समय लग रहा है।लोकसभा में वक़्फ संशोधन विधेयक पर बहस के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि वक़्फ बिल नाकामी पर पर्दा है।

भाजपा सरकार हर मोर्चे पर नाकाम। रातोंरात नोटबंदी का फैसला लिया। नोटबंदी की नाकामी पर भी चर्चा जरूरी है। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसान की आय दोगुनी नहीं कर पाए, उस पर भी चर्चा होनी चाहिए। वक़्फ बिल मुसलमानों के लिए है। मुसलमानों की बात ही नहीं सुन रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि वक़्फ बिल के पीछे ना नीति सही, ना नियत सही। भाजपा ध्रुवीकरण का फायदा उठानी चाहती है। भाजपा मुस्लिम भाईचारे को बांटना चाहती है। भाजपा को अपने वोटबैंक में गिरावट की चिंता है। अखिलेश यादव ने कहा कि चीन के कज़्जे वाली जमीन ज्यादा बड़ा मुद्दा है। चीन ने जिस जमीन पर गांव बसाए वो बड़ा मुद्दा है। रेलवे की जमीनों को बेचा जा रहा है। रेलवे हो या डिफेंस सारी जमीनें भारत की हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जब भी कोई नया बिल लाती है, तब अपनी नाकामी छिपाती है। हाकुंभ में कितने हिंदू मारे गए, इस पर पर्दा डालने के लिए भाजपा यह बिल लेकर आई है।

महाकुंभ में आस्था सबकी है। कोई पहली बार कुंभ नहीं हो रहा था। भाजपा ने ऐसा प्रचार किया कि 144 साल बाद यह कुंभ हो रहा है। सरकार का दावा था कि हमारी तैयारी सौ करोड़ श्रद्धालुओं की है, महाकुंभ में 30 श्रद्धालु मारे गए, और एक हजार लापता हैं, सरकार जान गंवाने वालों के नाम बताए जाएं। अखिलेश यादव ने कहा कि कुंभ हमारे लिए कारोबार का जरिए नहीं है। महाकुंभ की मौतों पर पर्दा डालने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि मुझे ईद के कार्यक्रमों में जाने से रोका गया। देश मिलीजुली सांकृति से बना है। अखिलेश की टिप्पणी पर अमित शाह ने कसा तंज समाजवादी पार्टी के मुखिया और सांसद अखिलेश यादव ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा, 卐जो पार्टी खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहती है, वह अभी तक अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पाई है।卐 इस पर जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 卐मेरे सामने जितनी भी पार्टियां हैं, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कुछ परिवार के लोग ही करेंगे। हमें 1213 करोड़ सदस्यों में से प्रक्रिया के बाद चुनना है। इसलिए इसमें समय लगता है। आपके मामले में तो ज्यादा समय नहीं लगेगा। मैं तो कह रहा हूं कि आप 25 साल तक अध्यक्ष बने रहेंगे... लोकसभा में वक़्फ संशोधन विधेयक पर कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा, 卐मैं ये पूछना चाहता हूं कि ये बिल अल्पसंज़्यक कार्य मंत्रालय ने बनाया कि किसी और विभाग ने बनाया है? यह बिल कहां से आया?...आज देश में अल्पसंज़्यकों की हालत ऐसी हो गई है कि आज सरकार को उनके धर्म का प्रमाण पत्र देना पड़ेगा...ज़्या वे दूसरे धर्मों से प्रमाण पत्र मांगेंगे कि आपने पांच साल पूरे किए हैं या नहीं? इस बिल में ऐसा ज़्यों पूछा जा रहा है? सरकार धर्म के इस मामले में ज़्यों दखल दे रही है...

## भारत में प्रेस की स्वतंत्रता पर बोले केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन- विदेशी संगठनों के मंजूरी की जरूरत नहीं

पिछले साल के एक रिपोर्ट में भारतीय मीडिया की रैंकिंग में गिरावट पर उठ रहे सवाल के बीच आज केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने जवाब दिया। उन्होंने कांग्रेस नेता के द्वारा उठाए जा रहे सवाल के जवाब में कहा कि भारत में मीडिया स्वतंत्र और सक्रिय रूप से बिना किसी दबाव के काम कर रहें है, जिसे विदेशी संगठनों से मान्यता की जरूरत नहीं है।सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने बुधवार को लोकसभा में प्रेस की स्तंत्रता और रैंकिग में गिरावट के तर्क पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत



में मीडिया स्वतंत्र और सक्रिय रूप से बिना किसी दबाव के काम कर रहें है, जिसे विदेशी संगठनों से मान्यता की जरूरत नहीं है। एल मुरुगन ने कांग्रेस सांसद के सुधाकरन के एक लिखित प्रश्न के जवाब में यह बात कही, जिन्होंने 2024 में वैश्विक प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग में गिरावट के बारे में सवाल पूछा था। मंत्री ने कहा भारत में सक्रिय मीडिया प्रणाली है, जिसे विदेशी संगठनों से मान्यता की आवश्यकता नहीं है। बता दें कि मुरुगन का यह बयान रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) द्वारा पिछले साल प्रकाशित रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें भारत को पत्रकारों की स्वतंत्रता के मामले में 180 देशों में से 159वां स्थान दिया गया था।प्रेस की स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा पर भी दिया जवाबकेंद्र सरकार द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछे जाने पर, मंत्री ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखा गया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि भारत में एक मजबूत न्यायिक प्रणाली है जो संविधानिक प्रावधानों को लागू करने में मदद करती है। इसके साथ ही मंत्री ने यह भी बताया कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए काम करता है और शारीरिक हमलों तथा पत्रकारों पर हमलों से संबंधित शिकायतों का समाधान करता है। इसके अलावा इलेज़्ट्रॉनिक मीडिया में प्रेस की स्वतंत्रता केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 के तहत एक स्वनियामक तंत्र के द्वारा सुनिश्चित की जाती है।

# मुरादाबाद में दर्दनाक हादसा, हाईवे पर ट्रक की टक्कर से कार सवार दो युवतियां की मौत; दो युवक घायल

मुरादाबाद यूपी के मुरादाबाद में दर्दनाक हादसा हुआ है। हाईवे पर ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दो युवतियों की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना रात 12 बजे सीमेंट की पाइप से भरे ट्रक ने रोहतक की मॉडल टाउन निवासी सिमरन के दो दोस्त राहुल और संजू को गंभीर हालत मार्च की सुबह नैनीताल गए थे। पुलिस के जा रहे थे। काशीपुर के रास्ते मुरादाबाद पहुंचे हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे कार ट्रक में फंस गई। ट्रक चालक कार को कार निर्यात फर्म की दीवार से टकरा गई। मौके से भाग निकला। आसपास के लोग पहुंची पुलिस ने चारों दोस्तों को बाहर निकाला युवतियों को मृत घोषित कर दिया। एसपी का उपचार चल रहा है। घायलों के परिजनों दोनों वाहनों को कब्ज़े में ले लिया है। हादसे मंगलवार रात करीब 12 बजे हुए हादसे के के दोनों छोर पर वाहनों की कई किलोमीटर थानों की पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त कार बहाल हो सका। नैनीताल से लौट रहे युवक तभी दिल्ली की ओर से आ रहे सीमेंट के पाइप हाईवे लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसके



इलाके में दिल्लीलखनऊ हाईवे के जीरो प्वाइंट पर मंगलवार कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार हरियाणा के (18) और शिवानी (25) की मौत हो गई।वहीं युवतियों में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चारों दोस्त 31 अनुसार, कार सवार चारों दोस्त नैनीताल से वापस हरियाणा थे।जैसे ही उनकी कार मूंढापांडे क्षेत्र में जीरो प्वाइंट पर ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 50 मीटर तक घसीटते हुए लेकर चला गया। इसके बाद कार के इंजन से धुआं निकलने लगा। चालक ट्रक छोड़कर मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों सिटी का कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि घायल युवकों को जानकारी दे दी गई है। मूंढापांडे पुलिस ने क्षतिग्रस्त के बाद हाईवे पर लगा लंबा जाम जीरो प्वाइंट के पास बाद दिल्लीलखनऊ हाईवे पर लंबा जाम लग गया। हाईवे तक कतार लग गई। मौके पर पहुंची कटघर और मूंढापांडे और ट्रक को हाईवे से हटवाया। करीब डेढ़ घंटे बाद यातायात युवतियों की कार जैसे ही जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी से लदे ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाद हाईवे के दोनों ओर वाहनों के पहिये थमते चले गए। वाहनों की कई किलोमीटर तक लंबी लाइन लग गई। सूचना पाकर कटघर, मूंढापांडे और हाईवे पुलिस ने मौके पर पहुंच गई। जैसे तैसे कार और ट्रक को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारु करवाया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। क्कर के बाद कार में लगी आग हादसे के बाद कार सवार दो युवक और दो युवतियां क्षतिग्रस्त कार में ही फंस गए। ट्रक चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर भाग निकला। हादसा देखकर दौड़े आसपास के लोग अभी कार सवारों को निकालने की कोशिश कर ही रहे थे कि कार में आग लग गई। जैसेतैसे दोनों युवक तो कार से बाहर निकल आए, लेकिन युवतियां कार में ही फंसी रह गईं। लोगों ने पानी और मिट्टी आदि डालकर आग पर काबू पाया। बाद में युवतियों को कार से निकाला गया। सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों युवतियों सिमरन व शिवानी को को मृत घोषित कर दिया।

# शारिक साटा गिरोह का इनामी गुर्गा चार साल बाद गिरफ़्तार, नाम के साथ बदलता रहा ठिकाने; 32 साल से कर रहे जुर्म

मुरादाबाद संभल पुलिस ने हरियाणा के जिला फतेहाबाद से एक इनमी बदमाश को गिरफ़्तार किया है। आरोपी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में लगा हुआ था। आरोपी ने बताया कि वह 32 वर्ष से अपराध कर रहा है।असमोली थाना पुलिस ने हरियाणा के जिला फतेहाबाद अंतर्गत थाना सदर के गांव बीघर निवासी 25 हजार के इनामी बदमाश दिलीप उर्फ दिनेश उर्फ हरीश को गिरफ़्तार किया है। आरोपी शारिक साटा गिरोह के लिए वाहन चोरी करने का काम कर चुका है। अलगअलग जगहअलग नाम व पते के साथ रह रहा था। मुखबिर की सूचना पर मनोटा चौधरपुर तिराहा से गिरफ़्तार किया गया है। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि वह नाम और पता बदलकर अपराध कर रहा था। पुलिस की छानबीन में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ हत्या, डकैती, लूट, दुष्कर्म, वाहन चोरी समेत 40 मुकदमें हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली व उत्ज़र प्रदेश में दर्ज हैं। सबसे ज्यादा मामले मुरादाबाद जिले के कई थानों




के शामिल हैं।एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि वर्ष 2021 में असमोली पुलिस ने वाहन चोरी का मामला दर्ज किया था। आरोपी तब से ही भागा हुआ था। 25 हजार का इनाम घोषित होने के बाद से लगातार सुरागकशी की जा रही थी। मंगलवार को आरोपी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में लगा हुआ था। इसी दौरान थाना प्रभारी राजीव मलिक ने टीम के साथ घेराबंदी कर गिरफ़्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह 32 वर्ष से अपराध कर रहा है। वाहन चोरी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्ज़राखंड व उत्ज़र प्रदेश से वाहन चोरी कर नागालैंड, पश्चिम बंगाल व सिलीगुडी जाकर वाहन बेचने की बात को स्वीकार किया है। साथ ही यह भी बताया कि आरोपी ने 2014 तक शारिक साटा गिरोह के लिए काम किया है। एसपी ने बताया कि आरोपी अंतरराज्यीय गिरोह का सदस्य है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। आरोपी ने डकैती की घटना में दुष्कर्म किया था एसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 40 मामले दर्ज हैं। इसमें एक मामला वर्ष 2000 में मुरादाबाद के कुंदरकी थाने में दर्ज हुआ था। जिसमें आरोपी ने डकैती की घटना में दुष्कर्म भी किया था। वह मामला विचाराधीन है। अन्य अपराध भी गंभीर किए हैं। आरोपी पुलिस से बचने के लिए अलगअलग राज्यों में अलग पहचान से रह रहा था। आरोपी का रिकॉर्ड और तलाश किया जा रहा है। आरोपी को गिरफ़्तार करने वाली टीम थाना प्रभारी राजीव मलिक, क्राइम इंस्पेक्टर श्रवण कुमार, दरोगा नवीन शर्मा, सिपाही योगेश तोमर, रोबिन राठी और मयंक शर्मा शामिल रहे। पकड़ा गया आरोपी शातिर किस्म का है। अलगअलग राज्यों में अलग नाम और पते के साथ छिपता रहा। असमोली पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। आरोपी ने बताया है कि वह सक्रिय अपराधी है। उसको जेल भेज दिया गया है। गिरोह की जानकारी टीम द्वारा जुटाई जा रही है। कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी, संभल

# डॉ.एम.पी आर्या ने किया जन सेवा केंद्र का उद्घाटन

*(क्यूँ न लिखूँ सच)*

रिठौरा- कस्बे की हाजी मार्केट में सौरभ जनसेवा केंद्र का फीता काट कर शुभारंभ नवाबगंज विधायक डॉ. एम. पी. आर्या ने किया।जनसेवा केंद्र संचालक सौरभ गिरी को शुभकामनाएं दी डॉ आर्या ने इस मौको पर प्रधानमंत्री मोदी की तरीफ करते हुए कहा कि मोदी जी जनता के माध्यम को डिजिटल कर कठिन कार्यो सरल किया ।इस वीच अध्यापक मोहित रस्तोगी ,सभासद मनोज कश्यप,विश्व हिन्दू महासंघ धर्माचार्य प्रोकोष्ठ के नगर अध्यक्ष महंत तुलसीदास जी महाराज सहित चरंजीव मिश्रा आदि लोगो ने बधाई दी।






# वक्फ संशोधन बिल का विरोध, बोले- मुसलमानों के साथ फ्रॉड कर रही सरकार

मुरादाबाद केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद में वक़्फ (संशोधन) बिल को पेश करने की तैयारी कर ली है। इसके साथ ही वक़्फ (संशोधन) बिल के विरोध और समर्थन को लेकर सियासत तेज हो गई है। सियासी दलों ने अपनी अपनी पार्टी की लाइन पर चलते हुए वक़्फ (संशोधन) बिल के हुए लोगों की राय भी वक़्फ संशोधन बिल को लेकर राय जुदा है। खुलकर विरोध कर रहे हैं। वह हर कीमत पर इसे वापस लेने की मांग वक़्फ (संशोधन) बिल के समर्थन में आवाज बुलंद कर रहे हैं। वह हुए इन जमीनों को सरकार से वापस लेने की मांग कर रहे हैं। वक़्फ रशीदी जमीयत उलेमा हिंद के कानूनी सलाहकार मौलाना काब रशीदी धर्म गुरु और संगठन इस बिल का समर्थन कर हैं, उन धर्मगुरुओं का है। उन सभी के ऊपर सरकार की बड़ी कृपा है। उन्होंने कहा कि विरोध कर रही है। हमने दिल्ली, बिहार और चंद्रबाबू नायडू के आंध्रपदेश छीनने का काम किया जा रहा है, इसलिए हम इसका विरोध कर रहे हैं पार्टियों का बॉयकाट किया है जो इस बिल का समर्थन कर रही हैं।




विरोध और समर्थन में बयान जारी किए हैं। वहीं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े जमीयत उलेमा हिंद और समाजवादी पार्टी वक़्फ (संशोधन) बिल का कर रहे हैं, जबकि सूफी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कशिश वारसी वक़्फ कानून की आड़ में वक़्फ संपज़ियों पर माफिया का कब्ज़ा बताते (संशोधन) बिल हमारे धार्मिक अधिकारों को हनन मौलाना काब ने वक़्फ (संशोधन) बिल को लेकर कहा कि जो भी मुस्लिम उलेमा, ज़्या स्टेटस है, सरकार से उनके ज़्या रिश्ते हैं, देश का मुसलमान जनता जमीयत उलेमा ए हिन्द पहले ही दिन से वक़्फ (संशोधन) बिल का में विरोध किया है। ये बिल हमारे धार्मिक अधिकारों का हनन है। उन्हें और जमीयत इसका आगे भी विरोध करती रहेगी। हमने उन सभी मुसलमानों के साथ फ्रॉड कर रही सरकार डॉ एसटी हसन वक़्फ (संशोधन) बिल को लेकर की जा रही भड़काऊ बयानबाजी पर केन्द्रीय मंत्री किरण रिजिजू द्वारा सज़्ती बरतने की बात कहने पर पूर्व सपा सांसद डॉ एसटी हसन ने कहा कि ये दमनकारी नीति है, जिसे सरकार हमेशा अपनाती है। अपना हक अगर कोई पीसफुल तरीके से मांगता है और विरोध करता है तो ज़्या उसे ये भी अधिकार नहीं है। सरकार इतना बड़ा फ्रॉड कर रही है कि इतिहास में कभी नहीं हुआ है। पूर्व सपा सांसद ने कहा कि अगर कोई बिल ही लाना ही था तो ऐसा लाते जिसके माध्यम से वक़्फ की सपज़ियों पर हुए कब्ज़ों को हटाया जाता। कहा कि वह वक़्फ बोर्ड के मेंबर रह चुके हैं। कुछ लोगों द्वारा झूठा प्रचार किया गया है कि वक़्फ बोर्ड किसी भी जमीन को अपना बता दे तो उसके खिलाफ कहीं अपील नही की जा सकती है, ये सही नहीं है। वक़्फ माफिया ने गरीब मुसलमानों का हक बेचा कशिश वारसी सूफी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी कशिश वारसी ने वक़्फ (संशोधन) बिल का समर्थन करते हुआ कहा है कि जो लोग वक़्फ बिल का विरोध कर रहे हैं उनका काम ही विरोध करना है, हम तो इसका स्वागत कर रहे हैं। दरअसल जो लोग विरोध कर रहे हैं वह चाहे मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड हो यह कोई भी, वक़्फ बोर्ड और वक़्फ माफिया ने गरीब मुसलमानों की जमीनों और हकों को बेच दिया है अथवा कब्ज़ा करवा दिया है। उसे कब्ज़ा मुक्त कराते तो विरोध होता। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी पर हमला बोलते हुए कहा कि वह सियासी खेल खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि ओवैसी साहब के लोग ही वक़्फ माफिया हैं जिन्होंने जमीनें बेची हैं। अब इनका नंबर जेल जाने के लि आया तो विरोध कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं और बालिकाओं के अश्लील फोटो बनाकर किए वायरल

#### किराये पर रह रही महिला और उसके पति के खिलाफ मझोला थाने में रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद मझोला थाना क्षेत्र में किराये पर रह रही महिला और उसके पति ने पड़ोस में रहने वाली महिलाओं और बालिकाओं के अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर दिए। एक महिला के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ आईटी एज़्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार क्षेत्र निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोसी के मकान में एक साल पहले आरती नाम की महिला किराये पर रह रही थी। आरती ने किसी गुलशन नाम के युवक से शादी कर ली है। युवक ने बताया कि अब आरोपी आरती का पति गुलशन उसके और उसके पड़ोसी की मां, बहन और बेटियों के अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर रहा है। इसकी शिकायत सभी ने किराये पर रहने वाली आरती से की तो उसने बताया कि मेरा गुलशन से मनमुटाव चल रहा है, इसलिए वह मेरी इंस्टाग्राम आईडी ओर फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मेरे परिचित लड़कियों के अश्लील फोटो बनाकर उन पर आपज़िजनक कमेंट और मोबाइल नंबर लिख कर वायरल कर रहा है। पीड़ित युवक के अनुसार उसने आरती और उसके पति गुलशन को समझाया इसके बावजूद दोनों अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। आरोपियों की हरकतों से समाज में उसके और उसके पड़ोसी के परिवार की छवि खराब हो रही है। इस संबंध में सीओ सिविल लाइंस कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मझोला थाना पुलिस ने आरोपी गुलशन और आरती के खिलाफ आईटी एज़्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### संभल में रेस्ज़्यू- गंगा में नहाने के दौरान पुलिस इंस्पेज़्टर का बेटा डूबा, चचेरे भाई का शोर सुन पहुंचे गोताखोर

मुरादाबाद राजघाट गंगा में नहाने के दौरान पैर फिसलने से इंस्पेज़्टर का बेटा कुलदीप डूब गया। उसकी तलाश गोताखोर लगे हुए हैं। हादसे के बाद एसडीआरएफ की टीम मुरादाबाद से बुलाई गई है। बबराला पुलिस





चौकी क्षेत्र के राजघाट गंगा पर स्नान करते समय पैर फिसल जाने पर पुलिस इंस्पेज़्टर का बेटा कुलदीप (25) गंगा में डूब गया। चचेरे भाई के शोर मचाने पर भीड़ जुट गई। गोताखोरों युवक की तलाश कर रहे हैं। देर शाम तक युवक का सुराग नहीं लग सका। युवक अपने चचेरे भाई के साथ अपनी गाड़ी से गंगा स्नान करने राजघाट आए थे।मंगलवार को जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर के सिठोली और हाल निवासी बरेली के रहने वाले कुलदीप (25) पुत्र नरेंद्र अपने चचेरे भाई अभिषेक पुत्र योगेंद्र यादव के साथ राजघाट गंगा स्नान करने को आए थे। दोनों भाई गंगा में स्नान कर रहे थे। तभी कुलदीप का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। साथ आये अभिषेक ने शोर मचाया तो लोग पहुंचे। तब तक युवक गंगा में डूब चुका था। गंगा तट पर मौजूद गोताखोरों में युवक की तलाश में गंगा में छलांग लगा दी। काफी प्रयास के बाद कोई सफलता नहीं मिली। नायब तहसीलदार बबलू कुमार, सीओ गुन्नौर दीपक तिवारी, कोतवाल अखिलेश प्रधान, चौकी इंचार्ज बबराला विशाल शर्मा मौके पर पहुंच गए। कोतवाल ने बताया कि चचेरेतहेरे दो भाई थाना इस्लामनगर के गांव सिठोली से गंगा स्नान करने राजघाट के लिए आए थे। तभी कुलदीप का पैर गहरे पानी में चला गया। एसडीआरएफ की टीम मुरादाबाद से बुलाई गई है। परिजनों का रोरोकर बुराहालयुवक कुलदीप के गंगा में डूबने की खबर सुनकर परिवार के लोग राजघाट गंगा तट पर पहुंच गए। उनका रोरोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि कुलदीप दो भाइयों बड़ा है। छोटा भाई संदीप नोएडा में प्राइवेट जॉब करता है। पिछले दिनों बीमार होने की वजह से कुलदीप घर पर ही था। कुलदीप के पिता नरेंद्र लखीमपुर खीरी में पुलिस इंस्पेज़्टर के पद पर कार्यरत हैं। जिससे काफी समय से उनका परिवार बरेली में रह रहा है।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001;उत्तर प्रदेशद्ध से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद ;उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UP: IL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# डीएम ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

*(क्यूँ न लिखूँ सच)*

आज जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में जल जीवन मिशन ग्रामीण व नगरीय के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन ग्रामीण के अधिकारियों से कहा कि जो कार्य हो गए हैं उसको हैंडओवर की प्रक्रिया प्रारंभ करें। जल जीवन मिशन नगरीय अंतर्गत नेकपुर वार्ड 24 घंटे जलापूर्ति के लिए वार्ड को शासन स्तर से चिन्हित किया गया है, जिस पर कार्य प्रकियाधीन है तथा यह कार्य जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। डीएम ने रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने व हर घर जल के कार्यों के प्रमाणीकरण करने के लिए कहा। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण नरेंद्र वर्मा ने बताया कि जनपद के 1444 आवासीय ग्राम में से 759 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। 685 ग्रामों के लिए कार्य प्रकियाधीन है। उन्होंने बताया कि 857 ओवरहेड टैंक बनाए जाने हैं जिनमें से 288 पूर्ण हो गए हैं शेष 569 पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि इन ओवरहेड टैंक में से 29 जो की पूर्व में बनाए गए थे वह बिजली से संचालित होंगे तथा 828 सोलर पंप व बिजली से संचालित होंगे। अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय शाहजहांपुर डिवीजन कपिल सिंह ने बताया कि जनपद में 07 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिसमें सहसवान, कछला, इस्लामनगर, दातागंज, बदायूं, उझानी व बदायूं शहर का नेकपुर वार्ड है। उन्होंने बताया कि सहसवान व कछला में अप्रैल 2025, इस्लामनगर में मई 2025, दातागंज में जुलाई 2025, बदायूं में जुलाई 2025, उझानी में मार्च 2026 तथा नेकपुर में जून 2026 तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया इनमें से नेकपुर वार्ड शासन द्वारा चिन्हित किया गया है जहां 24 घंटे जलापूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए कार्य प्रकियाधीन है तथा शासन स्तर से टाटा कंसलटेंसी सर्विस को नामित भी कर दिया गया है। प्रत्येक 07 परियोजनाओं पर ओवरहेड टैंक, ट्यूबवेल, पाइप सप्लाई आदि कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था पीएनसी इंफ्रा के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर गुरु प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।



# भ्रष्टाचार:बरेली नाथ कॉरिडोर धोपेश्वरनाथ मंदिर परिक्रमा मार्ग का नाली की मिट्टीमलबा से हो रहा निर्माण

*(क्यूँ न लिखूँ सच)*

बरेली नाथ कॉरिडोर के तहत सातों नाथ मंदिरों को जोड़ने के लिए सड़कों का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण किया जाना था। इसी के तहत तपेश्वरनाथ मंदिर तक के अधिशासी अभियंता धोपेश्वरनाथ मंदिर लगभग 80 प्रतिशत से है।धोपेश्वरनाथ मंदिर रोड जब निर्माण की गुणवज़ा बताया गया कि उक्त कार्य इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा किया जा मार्ग का निर्माण और किया जाना है,लेकिन के चलते नाली की मिट्टी



धोपेश्वरनाथ मंदिर से सड़क बननी है। पीडज़्ल्यूडी नारायण सिंह की निगरानी में परिक्रमा मार्ग सड़कों का काम ज्यादा पूरा हो चुका की सीएफ 15 कालौनी के पास को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा कासगंज की फार्म हनु रहा है। जिसमें पैदल परिक्रमा मिट्टी भराव स्वच्छ मिट्टी से पीडज़्लूडी विभाग के भ्रष्टाचार मलबा से पैदल परिक्रमा मार्ग का निर्माण हो रहा है। जब इस मामले की शिकायत फर्म के मैनेजर श्रेयांक यादव से की गई तो बताया गया कि पीडज़्ल्यूडी के लोग लगातार निरीक्षण कर रहे हैं तो कार्य को लेकर उन्हें कोई आपज़्ि नहीं है, तो क्षेत्रीय लोगों की शिकायत से कोई फर्क नहीं पड़ता है। उनकी पहुंच विभाग में उच्च स्तर पर है। उनकी इन बातों से लगता है कि फर्म मालिक की सेटिंग विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों तक है जिन्होंने निर्माण को लेकर अपनी आंखे बंद कर रखी हैं।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बरेली , शाहजहांपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 की निदेशक मण्डल की बैठक हुई सम्पन्न

*(क्यूँ न लिखूँ सच)* सत्यम शर्मा

बरेली । बरेली । मण्डलायुक्त सौज़्या अग्रवाल की अध्यक्षता में आज बरेली/ शाहजहांपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 की निदेशक मण्डल की बैठक आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में सज़्पन्न हुई।बैठक में नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि सिटी बसों हेतु 14 जगह पर इलेज़्ट्रॉनिक चार्जिंग प्वाइंट बनाये जाने हैं, जिस पर चार्जिंग प्वाइंट बनाने हेतु भूमि का चयन करने के निर्देश दिए गए साथ ही पीपीई मॉडल के आधार पर पेट्रोल पज़्पों से भी बात करके चार्जिंग प्वाइंट बनाये जाने का भी सुझाव दिया गया। बैठक में चार्टड एकाउंटेंट के मानदेय में वृद्धि, टैज़्सऑडिटर की नियुक्ति, वैधानिक लेखा ऑडिटर, बरेली सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 में टोल फ्री नज़्बर लगाये जाने के संबंध में, इलेज़्ट्रॉनिक एसी बसों के मेटिनेंस डिपो/चार्जिंग स्टेशन पर फायर हायड्रेट सिस्टम लगाये जाने आदि के सज़्बन्ध में चर्चा की गयी। बैठक में बताया गया कि रेलवे जंज़्शन से शीशगढ़ के लिए पांच, रेलवे जंज़्शन से शेरगढ़ वाया फतेहगंज के लिए छः व मिनी बाईपास से मनौना के लिए 13 कुल 24 बसें संचालित हैं। इनमें से सबसे अधिक यात्रियों की संज़्या मनौना जाने वाली बसों में ही रहती है, जिस पर निर्देश दिए गए कि मनौना के लिए अनाधिकृत बसें चलती हैं तो उन पर रोक लगायी जाए जिससे सिटी बसों को लाभ मिल सके। बैठक में निर्देश दिए गए कि पीलीभीत बाईपास से कार बाजार की दुकानों व अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए इसके साथ ही निर्देश दिए गए कि सथरापुर में निर्माणाधीन सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को यथाशीघ्र संचालित करें, जिससे बाकरगंज में एकत्रित कूड़े का निस्तारण हो सके। बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, वी0सी0 बी0डी0ए0 मणिकंदन ए., एस0पी0 क्राइम सहित सज़्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में शाहजहांपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 के सज़्बन्ध में जानकारी ली गयी कि शाहजहांपुर शहर में उत्पन्न जाम के निवारण के सज़्बन्ध में ज़्या कार्यवाही की गयी है, जिस पर जानकारी दी गई कि ईरिज़्शा पर प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। 31 ईरिज़्शा कल सीज किये गये हैं। बैठक में निर्देश दिए गए कि बरेली की तर्ज पर शाहजहांपुर में भी अभियान चलाकर ईरिज़्शा सीज किये जाएं और यदि कोई नाबालिग बच्चे ई रिज़्शा चलाते मिलें तो रजिस्ट्रेशन कैंसिल किया जाए और ईरिज़्शा मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जाए। बैठक में निर्देश दिए गए कि शाहजहांपुर के बरेली मोड़ से प्राइवेट वाहन हटवाये जाएं, जिससे रोडवेज बसों को असुविधा ना हो। ऐसे रुटों का निर्धारण किया जाए जिन पर ईरिज़्शा चलना बिल्कुल प्रतिबंधित हो। ईरिज़्शा को फीडर सिस्टम की तरह यूज किया जाए। बैठक में चार्टड एकाउन्ट का सेवाकाल बढ़ाने, 202324 के वार्षिक लेखों का सत्यापन किया जाने आदि विषयों पर चर्चा की गयी और निर्देश दिए गए कि फायर एनओसी के लिए प्रतिमाह एक स्मरण पत्र भेजा जाए। बैठक में समस्त सज़्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# प्रदेश की मण्डिया किसानों को उपज का दिला रही हैं सही मूल्य

*(क्यूँ न लिखूँ सच)*

आज किसानों को उनकी उपज का वाज़िम मूल्य दिलाने के लिए राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद द्वारा प्रत्येक जिले में मण्डी समितियों की स्थापना की है। प्रदेश में 251 से अधिक मण्डी समितिया विनियमित है जिनमें 220 मण्डी क्षेत्र में मण्डी स्थल निर्मित हैं। इन मण्डी समितियों में लाइसेन्स प्राप्त व्यापारी ही मण्डी समिती में निर्दिष्ट कृषि उत्पादों का क्रयविक्रय करने हेतु अधिकृत होते है। किसान अपने उत्पाद को वाज़िब मूल्य मिलने पर किसी भी व्यक्ति को बेच सकता है। मण्डी स्थल पर जब किसान अपना उत्पाद लेकर आता है तो प्रवेश द्वार पर उसे निर्धारित प्रारूप पर प्रवेश पर्ची दी जाती है। जिसमें किसा का नाम पता, वाहन का विवरण कृषि उत्पाद आदि सूचनाएं अंकित की जाती है। जिस कृषि उत्पाद का जो मूल्य केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है उससे कम मूल्य पर उस उत्पाद का क्रय नहीं किया जाता है। निर्धारित मूल्य/निर्धारित मूल्य से अधिक पर किसान से क्रय किया जाता है। इसे किसान को अपने उत्पाद का सही मूल्य मिल जाता है। प्रदेश के मुज़्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए अनेक हितकारी कदम उठाएं हैं।

प्रदेश सरकार में मण्डियों का आधुनिकीकरण किया गया है। प्रदेश में मुज़्यमंत्री कृषक कल्याणकारी योजना के अन्तर्गत मण्डी परिषद द्वारा 79796 कृषकों को रू134.76 करोड़ का अनुदान दिया है। प्रदेश में 27 नवीन मण्डी स्थलों का आधुनिकीकरण एवं 185 नग हाट पैठ का निर्माण किया गया है। मण्डियों में किसानों हेतु प्रीअराइवल ईपास लागू किया गया है तथा 1 मंडी व्यापारियों को डिजिटल पेमेन्ट की सुविधा दी गयी है। प्रदेश के कृषकों को उपज का उचित मूल्य दिलाने हेतु प्रदेश की 125 मण्डियों में जनवरी, 2025 तक लगभग 06 हजार 99 करोड का डिजिटल व्यापार किया गया है। ईमण्डी योजना के अंतर्गत इस अवधि में 06 हजार 922 ईलाइसेंस निर्गत किये गये हैं और ईमण्डियों में 04 करोड़ 18 लाख से अधिक ऑनलाइन पर्चियां निर्गत की गयी है।

प्रदेश के किसानों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं के माध्यम से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। मण्डी समितियों के माध्यम से कृषकों एवं व्यापारियों/आढ़तियों हेतु संचालित योजनाओं के तहत 2019 20 से वर्तमान तक 48 हजार 210 कृषक लाभार्थियों को लगभग 98 करोड़ 50 लाख के अनुदान की धनराशि वितरित की जा चुकी है। प्रत्येक कृषि मण्डी में माता शबरी के नाम पर कैण्टीन और विश्रामालय स्थापित किया जा रहा हैं। कैण्टीन में सज़्सिडाइज्ड दरों पर किसानों को भोजन उपलज़्ध कराया जाता हैं। प्रदेश के 08 जनपदों में किसानों की उपज का उचित मूल्य दिलाने की प्रक्रिया को और सरल बनाने हेतु 08 नयी मण्डिया/उपमण्डिया तथा लखनऊ में 49 करोड़ की लागत से किसान एग्रीमॉल का निर्माण पूर्ण होने की स्थिति में हैं।

किसानों की उपज को सही पैकिंग के लिए प्रदेश के अमरोहा, वाराणसी एवं सहजनवा में इंटीग्रेटेड पैक हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रदेश में 88 ग्रामीण हाट बाजार भी पूर्ण कर लिये गये हैं। कृषकों के हित के लिए एंड्रायड मोबाइल एप यू0पी0 मण्डी भाव का शुभारज़्भ किया गया है, जिसमें कृषि बाजारों के बाजार भाव एवं मौसम की जानकारी प्रतिदिन नि:शुल्क उपलज़्ध करायी जा रही है। प्रदेश के मुज़्यमंत्री जी के नेतृत्व में मुज़्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस को श्किसान सज़्मान दिवसश् के रूप में मनाते हुए किसानों को ट्रैज़्टरों का वितरण कराया गया। कृषकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से वर्ष 201718 के पूर्व यू0पी0 डास्प में केवल 01 योजना संचालित थी जो बढ़ाकर वर्तमान में 05 नयी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। फार्मर रजिस्ट्रेशन करते हुए वर्ष 202425 में माह दिसज़्बर, 2024 तक कुल 60.48 लाख फार्मर कार्ड प्क् निर्गत की गयी है। प्रदेश में किसानों की फसलों को वर्षा के पानी/ नदियों के बाढ़ से बचाने के लिए 'बाढ़ सुरक्षा हेतु अब तक कुल 1551 बाढ़ परियोजनाएं पूर्ण करते हुए 32.87 लाख हेज़्टेयर से अधिक भूमि का बचाव करते हुए करोड़ों की आबादी को लाभान्वित किया गया। महिलाओं को स्वरोजगार उपलज़्ध कराने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सीडलिंग का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे लगभग 60 हजार महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। प्रदेश सरकार ने लखनऊ में रू0 251 करोड़ की लागत से भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी के नाम पर एक सीड पार्क की स्थापना का निर्णय लिया है।

# स्कूल ब मंदिर के पास से क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से शराब की दुकान हटवाने की मांग

*(क्यूँ न लिखूँ सच)* सत्यम शर्मा

बरेली । जनपद बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र की लक्ष्मी नगर कॉलोनी में शराब की दुकान खुलने से स्थानीय निवासियों में गुस्सा भड़क उठा है। कॉलोनी वासियों ने इसे नियमों का उल्लंघन करार देते हुए दुकान को तत्काल दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग उठाई है। इस मुद्दे पर लक्ष्मी नगर विकास समिति ने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें धार्मिक स्थलों और शिक्षण संस्थानों के पास दुकान खोले जाने को गलत ठहराया गया है। लोगों का कहना है कि यह दुकान कॉलोनी के माहौल को खराब करेगी और बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है। लक्ष्मी नगर कॉलोनी एक आवासीय क्षेत्र है, जिसमें लगभग 165 मकान हैं। इस कॉलोनी के आसपास 50 से 100 मीटर की दूरी पर सैक्रेट हार्ट स्कूल और तीन मंदिर मौजूद हैं। एक अप्रैल 2025 को सुबह करीब 11 बजे कॉलोनी के सामने आम के बाग के पास खाली दुकानों में अंग्रेजी शराब की दुकान का बोर्ड नजर आया। बोर्ड पर कज़्पोजिट दुकान (संजय नगर नं. 40350) लिखा था, जिसका लाइसेंसधारी पीयुष जायसवाल और आबंटन संज़्या 23/ष्टस् अंकित थी। दुकान खुलने की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासियों और नारी शक्ति ने इसका कड़ा विरोध शुरू कर दिया। लोगों ने दुकानदार से लाइसेंस दिखाने को कहा और सवाल उठाया कि स्कूल और मंदिरों के इतने करीब यह दुकान कैसे खोली जा सकती है। दुकानदार के पास कोई ठोस जवाब नहीं था, जिसके बाद विरोध और बढ़ गया। निवासियों का तर्क है कि नियमों के मुताबिक शराब की दुकान किसी धार्मिक स्थल या शिक्षण संस्थान के नजदीक नहीं खोली जानी चाहिए। इस दुकान के चलते स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों की मानसिक स्थिति प्रभावित होगी। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा। कॉलोनी में स्कूल की पैरेंट्स मीटिंग और महिला शिक्षिकाओं का नियमित आवागमन होता है, जिसके कारण यह दुकान असुरक्षा की भावना पैदा कर सकती है। लक्ष्मी नगर विकास समिति ने जिलाधिकारी से अपील की है कि सामाजिक और धार्मिक भावनाओं का सज़्मान करते हुए इस दुकान को कहीं और स्थानांतरित किया जाए। लोगों का कहना है कि यह कदम सामुदायिक हित में जरूरी है। अब सबकी नजर जिलाधिकारी के निर्णय पर टिकी है। रामकृष्ण गिरी, प्रेमराज वर्मा, राकेश चंद्र शर्मा , दीपक शंखधार, जगदीश शरण राठौर , अमित उपाध्याय, राजेश जायसवाल , मुकेश कुमार, सुनील आदि अभिषेक गुप्ता, वीरेंद्र पटेल उर्फ बबलू मौजूद रहे।




# बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा, परिणाम की घोषणा की तैयारी

*(क्यूँ न लिखूँ सच)* सत्यम शर्मा

